सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पदाधिकारी से यह अपेक्षा की गयी कि अब जब सारे अभिलेखों पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है तथा क़ेसों को जिन्दा कर दिया गया है, डी0डब्लू/बी0डब्लू0 निर्गत करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है, सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी बड़े बकायेदारों के मामलों का व्यक्तिगत अनुश्रवण कर खुद कुछ मामलों में कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ताकि बड़े बकायेदार से राशि की वसूली हो सके

तथा लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। इसके साथ ही जिन मामलों में वसूली कह गयी है अथवा वाद समाप्त किया गया है, उसकी सूचना भी पाक्षिक प्रतिवेदन के साथ संलग्न कर भेजें ताकि बेवसाईट में उसे अपडेट किया जा सके। मार्च माह की वसूली को असंतोषजनक बताते हुए चिन्ता जाहिर की गयी तथा अपेक्षा की गयी कि अगले माह से इसमें पुनः अपेक्षित वृद्धि आएगी तथा सभी पदाधिकारी पूरे मनोयोग के साथ इसके निष्पादन हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जिला नीलाम–पत्र पदाधिकारी को यह निदेश दिया गया कि वे अगली बैठक से अधियाची विभागों के साथ–साथ सभी बैंकों के कॉडिनेटर को भी इस बैठक में भाग लेने हेतु आमंत्रित करेंगे ताकि सभी के बीच अधोहस्ताक्षरी के स्तर से समन्वय स्थापित किया जा सके एवं ऐसे मामले जिनमें अधियाची विभागों के प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण मामले लंबित है, उसका निष्पादन शीघ्र कराया जा सके।

13. सामान्य निदेश :–

- बैठक की कार्यवाही में दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।
- पदाधिकारियों का विन्दुवार संचिका खोलने का निदेश प्रभारी पदाधिकारी, जिला नीलाम–पत्र शाखा को दिया गया।
- प्रत्येक नीलाम पत्र वाद के निष्पादन के सम्बन्ध में अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। जब तक अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जायगा, उस पर विश्वास नहीं किया जायगा यानि निष्पादित या वैसे वाद जिनमें वसूली हुई है, का अभिलेख बैठक में साथ लाने का निदेश दिया गया।
- बड़े बकायेदारों के विरूद्ध जो भी कार्रवाई की गयी है उसे अवलोकनार्थ उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।
- प्रत्येक 15 दिन पर नीलाम पत्र वादों के समीक्षोपरान्त आयुक्त, पटना प्रमण्डल द्वारा दर्ज की गयी टिप्पणी का अध्ययन कर समुचित कार्रवाई करने का निदेश सभी पदाधिकारियों को दिया गया।
- कोई नीलाम पत्र वाद किस कारण से लम्बित है उसके कारणों का विश्लेषण कर वादवार तैयारी करने का निदेश दिया गया।
- पंजी IX एवं X का मिलान करने का निदेश दिया गया।
- नीलाम पत्र वादों की सूचना थानावार समर्पित करने का निदेश दिया गया।
- वैसे अधिकारी जिनकी प्रगति संतोषजनक नहीं है के, नीलाम पत्र वादों का review प्रत्येक मंगलवार को अपराह्न 5.00 बजे किये जाने का निर्णय लिया गया।
- नीलाम पत्र वादों के सम्बन्ध में प्रतिवेदन नहीं भेजने के कारण और वादों के निष्पादन में रूचि नहीं लेने के कारण सम्बन्धित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश दिया गया।
- नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में रूचि लेने और अधिक–से–अधिक वादों के निष्पादन हेतु कड़ी मेहनत करने का सुझाव दिया गया।
- नीलाम पत्र वादों के निष्पादन हेतु Certificate Manual एवं इस संबंध में जिला द्वारा भेजी गयी मार्गदर्शिका (Guidelines) का अध्ययन करने का सुझाव दिया गया।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(डॉ0 बी0 राजेन्दर)
जिलाधिकारी, पटना।

19-840/07

ज्ञापांक..... 636/A पटना, दिनांक 11.07.07

प्रतिलिपि – वरीय आरक्षी अधीक्षक, पटना/सभी अपर जिला दण्डाधिकारी, पटना जिला/सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पटना जिला/प्रभारी दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना एवं सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी, पटना जिला/सभी अधियाची पदाधिकारी, पटना जिला/सभी बैंक कॉडिनेटर, पटना जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, पटना को बेवसाईट में सुधार करने एवं अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Rajender
10.7.07

जिलाधिकारी, पटना।

दिनांक 27.07.2007 को नीलाम पत्र वादों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला–स्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारियों के साथ आहूत बैठक की कार्यवाही

1. उपस्थित

1. डॉ0 बी0 राजेन्दर, समाहर्ता, पटना।
2. श्री अवधेश कुमार, अपर जिला दण्डा0 विधि–व्यवस्था, पटना।
3. श्री मो0 सउद, अपर समाहर्ता, नक्सल, पटना।
4. श्री अरूण कुमार वर्मा, अपर जिला दण्डाधिकारी, आपूर्ति, पटना।
5. श्री राज किशोर सिन्हा, विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, पटना।
6. श्री एस0 एन0 झा, जिला पंचायराज पदाधिकारी, पटना।
7. श्री संजय कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जिला नीलाम–पत्र शाखा, पटना।
8. श्रीमती पलका साहनी, अनुमण्डल पदाधिकारी, बाढ़।
9. श्री सुनील कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी, दानापुर
10. श्री राज किशोर प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी, पालीगंज
11. श्री पी0 के0 सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी, मसौढी
12. श्रीमती अनिमा सिन्हा, जिला भू–अर्जन पदा0 पटना।
13. श्री अनिल कुमार–1, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पटना।
14. श्री राजेश कुमार, अपर जिला भू–अर्जन पदा0 पटना।
15. श्री दीपक सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पटना।
16. श्री रबिन्द्र कुमार, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पटना।
17. श्री महेन्द्र पाल, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पटना।
18. श्री अनिल कुमार–2, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पटना।
19. श्रीमती कुमारी सीमा, अपर जिला भू–अर्जन पदा0 पटना।
20. श्री मनोज कुमार चौधरी, अपर जिला भू–अर्जन पदा0 पटना।
21. वाणिज्यकर पदाधिकारी, पटना सिटी, पूर्वी अंचल
22. वाणिज्यकर पदा0 पटना सिटी पश्चिमी अंचल
23. वाणिज्यकर पदाधिकारी, बाढ़, पटना।
24. वाणिज्यकर पदा0, विशेष अंचल, पटना।
25. सहायक खनन पदाधिकारी, पटना।
26. सहायक आयुक्त उत्पाद, पटना।
27. प्रतिनिधि, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, पटना।
28. जिला समन्वयक, भारतीय स्टेट बैंक, आ0कार्य0 पटना
29. प्रतिनिधि, सिण्डिकेट बैंक, फ्रेजर रोड, पटना।
30. प्रतिनिधि, बैंक ऑफ इण्डिया, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना।

अनुपस्थित

1. श्री0 के0 पी0 पाण्डेय, अपर जिला दण्डा0 पटना।
2. अनुमण्डल पदाधिकारी, पटना सिटी
3. अनुमण्डल पदाधिकारी, पटना सदर
4. श्री नील कमल, जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना।
5. श्रीमती अंजुला प्रसाद, सहायक परियोजना पदा0 पटना।
6. श्री रजनीश कुमार सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पटना।
7. श्रीमती एकता वर्मा, सहायक परियोजना पदाधिकारी, पटना।
8. श्री एस0एम0परवेज आलम, कार्य0दण्डा0 पटना।
9. श्रीमती सीमा सिन्हा, सहायक परियोजना पदाधिकारी, पटना।
10. श्री आदित्य कुमार दास, निदेशक, लेखा,डी0आर0डी0ए0पटना
11. वाणिज्यकर पदा0 पाटलीपुत्रा अंचल, पटना।
12. वाणिज्यकर पदाधिकारी, दक्षिणी अंचल, पटना।
13. पटना पश्चिमी अंचल, पटना।
14. वाणिज्यकर पदाधिकारी, पटना उत्तरी अंचल।
15. वाणिज्यकर पदाधिकारी, दानापुर अंचल।

2. पूर्व बैठक की कार्यवाही का तामिला

सर्वप्रथम बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी से यह पृच्छा की गई कि पूर्व की बैठक की कार्यवाही सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को तामिला कराया गया है अथवा नहीं। सभी लोगों ने कार्यवाही प्रतिवेदन प्राप्त होने की सूचना दी। जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा यह सूचना दी गई कि उनके द्वारा तामिला का अनुश्रवण किया गया है तथा सभी पदाधिकारियों को यह शत–प्रतिशत कार्यालय में भेजा जा चुका है। सभी पदाधिकारियों से यह पृच्छा की गयी तो उन्होंने कार्यवाही प्राप्त होने की बात कही।

3. पूर्व बैठक की कार्यवाही का अनुपालन

सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों/अनुमंडल पदाधिकारियों से यह पृच्छा की गई कि क्या उनके द्वारा पूर्व में प्रेषित कार्यवाही का अध्ययन किया गया है अथवा नहीं? पूर्व में यह निदेश दिया गया था कि बैठक में आने पूर्व कार्यवाही प्रतिवेदन की कंडिकावार समीक्षा कर अनुपालन प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से 5 दिन पूर्व जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को भेजें ताकि इसे संकलित कर बैठक में समीक्षा हेतु रखा जा सके। अगली बार सभी पदाधिकारियों को शत–प्रतिशत कंडिकावार अनुपालन प्रतिवेदन भेजने का निदेश दिया गया तथा यह **बैठक के दिन हस्तगत नहीं कराने** का निदेश पूर्व में भी दिया गया था इसके बावजूद बैठक के दिन या इससे एक दिन पूर्व इसे हस्तगत कराने की परम्परा जारी है एवं भविष्य में ऐसे अनुपालन को अप्राप्त सूची में रखने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही जिला नीलाम–पत्र पदाधिकारी को यह भी निदेश दिया गया कि वे अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने वालों को पावती निर्गत करें तथा संबंधित पदाधिकारी पावती के साथ बैठक में उपस्थित हों। आज की बैठक में श्री अनिल कुमार–1 ही पावती के साथ बैठक में उपस्थित थे। इसके साथ ही जिला नीलाम–पत्र पदाधिकारी को आदेश दिया कि जिन लोगों के यहां से अनुपालन प्राप्त/अप्राप्त है, उनकी सूची एवं गुणवत्ता को देखते हुए इसे कार्यवाही प्रतिवेदन में शामिल करें। अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षावार स्थिति निम्न है :–

क0	नीलाम–पत्र पदाधिकारी का नाम	मई 2007 की बैठक के कार्यवाही का अनुपालन	जून 2007 में किए गए न्यायालय दिवसों की संख्या	पंजी IX एवं X का मिलान	थानावार वारण्टों की सूची का प्रेषण	अधियाची पदाधिकारी के साथ विगत माह की गयी बैठक	निर्गत सूचनाओं के तामिला का अनुश्रवण	2.00 लाख से उपर के बकायेदारों की सूची एवं उानके विरूद्ध की गयी कार्रवाई का ब्यौरा
01	02	03	04	05	06	07	08	09
1.	श्री मो0 सउद	प्राप्त	चार दिन	किया गया	प्राप्त	नहीं किया गया	किया गया	प्राप्त
2.	श्री के0 पी0 पाण्डेय	प्राप्त	दो दिन	नहीं किया गया	तैयार किया जा रहा है	नहीं	किया गया	तैयार किया गया
3.	श्री अवधेश कुमार	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
4.	श्री अरूण कुमार वर्मा	प्राप्त	दो दिन	किया गया	प्राप्त	नहीं	किया गया	प्राप्त
5.	श्री सत्यनारायण झा	प्राप्त	चार दिन	किया गया	प्राप्त	किया गया	किया गया	प्राप्त
6.	श्रीमती सीमा कुमारी	प्राप्त	चार दिन	कियाा गया	पूर्व में भेजा गया	प्राप्त	किया गया	कोई बकायेदार नहीं है।
7.	श्री आदित्य कुमार दास	प्राप्त	सप्ताह में दो दिन	नहीं किया गया	अप्राप्त	संबंधित नहीं	किया गया	अप्राप्त
8.	श्री राज किशोर सिन्हा	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
9.	श्री दीपक सिंह	प्राप्त	छः दिन	प्राप्त	प्राप्त	प्राप्त	प्राप्त	नहीं है।
10.	श्री अनिल कुमार–1	प्राप्त	–	प्राप्त	प्राप्त	प्राप्त	किया गया	प्राप्त
11.	श्री संजय कुमार	प्राप्त	चार दिन	प्राप्त	प्राप्त	प्राप्त	किया गया	नहीं है।
12.	श्री राजेश कुमार	प्राप्त	चार दिन	किया गया	पूर्व में भेजा गया	प्राप्त	किया गया	नहीं है

13.	डॉ0 महेन्द्र पाल	प्राप्त	संचालन किया गया	संबंधित नहीं	तैयार किया जा रहा है।	संबंधित नहीं	किया गया	किया गया
14.	श्री नील कमल	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
15.	श्री रजनीश कुमार सिंह	प्राप्त	16 दिन	नहीं किया गया	प्राप्त	संबंधित नहीं	किया गया	नहीं है
16.	श्री मनोज कुमार चौधरी	प्राप्त	3 दिन	किया गया	प्राप्त	प्राप्त	किया गया	नहीं है
17.	श्रीमती एकता वर्मा	प्राप्त	8 दिन	संबंधित नहीं	अप्राप्त	संबंधित नहीं	किया गया	प्राप्त
18.	श्री एस0एम0 परवेज आलम	प्राप्त	किया गया	किया गया	प्राप्त	किया गया	प्राप्त	प्राप्त
19.	श्रीमती अंजुला प्रसाद	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त	नहीं किया गया	नहीं किया गया	प्राप्त
20.	श्रीमती सीमा सिन्हा	प्राप्त	8 दिन	किया गया	प्राप्त	किया गया	किया गया	प्राप्त
21.	श्री अनिल कुमार–2	प्राप्त	नियमित संचालन	किया गया	प्राप्त	नहीं	किया गया	प्राप्त
22.	श्री रबीन्द्र कुमार	प्राप्त	2 दिन	किया गया	प्राप्त	किया गया	किया गया	प्राप्त
23.	अनुमण्डल पदाधिकारी, बाढ़	प्राप्त	प्राप्त	प्राप्त	प्राप्त	प्राप्त	प्राप्त	प्राप्त
24.	अनुमण्डल पदा0 दानापुर	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त
25.	अनुमण्डल पदा0 मसौढ़ी	अप्रापत	अप्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त
26.	अनुमण्डल पदा0 पालीगंज	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त
27.	अनुमण्डल पदा0 पटना सिटी	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
28.	अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त
29.	श्रीमती अनिमा सिन्हा	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	किया गया	अप्राप्त	प्राप्त

सभी पदाधिकारियों को यह स्पष्ट किया गया कि जिन लोगों के द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है उनकी वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति में उसी प्रकार का अभिलेखन अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जाएगा एवं जिन लोगों के द्वारा कार्यों के प्रति रूचि नहीं ली जा रही है, उनके वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति में इस बात को दर्ज करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन सरकार को भेजा जाएगा।

(अनुपालन– सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी/सभी अनुमंडल पदाधिकारी)

4. नीलाम पत्र वादों का कम्प्यूटराइजेशन

जिलाधिकारी द्वारा यह सूचना दी गयी कि इस जिले के सभी नीलाम–पत्र वादों के ब्यौरे को बेवसाईट पर जारी कर दिया गया है। इसका बेवसाईट **http\\.patna.bih.nic.in** है। यह अत्यन्त ही प्रसन्नता की बात है कि पिछले कई महीनों से इस दिशा में किए जा रहे प्रयास अन्ततः सफल हुआ है तथा नीलाम–पत्र न्यायालयों में चल रहे वादों के संबंध में कोई भी व्यक्ति कहीं से भी जानकारी प्राप्त कर सकेगा। इसके **Usable Form** में सुधार की आवश्यकता है, चूंकि केस संख्या देने पर ब्यौरा प्राप्त होता है, परन्तु अन्य ऑप्शन देने पर इसका ब्यौरा प्राप्त नहीं होता है। इस संबंध में जिला सूचना एवं विज्ञान

पदाधिकारी एवं राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी को साइट को सुधारने हेतु पत्र निर्गत किया गया था। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, पटना ने उपस्थित होकर कहा कि सारी सूचनायें website पर आ रही हैं।

इस डाटा को हमेशा अपडेट किए जाने की जरूरत है, इसके लिए सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारियों एवं अनुमण्डल पदाधिकारियों को यह निदेश दिया गया कि वे वैसे **सभी वादों जिसके संबंध में निष्पादन अथवा वसूली की सूचना दी जा रही है, को 26 बिन्दु प्रपत्र में अंकित करते हुए प्रतिवेदन के साथ अनिवार्य रूप से भेजें** ताकि वेवसाईट में वादों की अद्यतन स्थिति को अंकित करते हुए अपडेट किया जा सके अर्थात् जब भी वादों के निष्पादन/राशि की वसूली की सूचना जिला को दी जाती है तो इसके साथ उन वादो का पूर्ण ब्यौरा अवश्य संलग्न किया जाय।

(अनुपालन– सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर/सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी, पटना जिला/ प्रभारी पदाधिकारी, जिला नीलाम–पत्र शाखा/सभी पेशकार)

26 बिन्दु प्रपत्र

नीलाम–पत्र न्यायालय का नाम

क्रमांक	अधियाची विभाग का नाम	अधियाची विभाग का मुख्यालय	वाद संख्या	वर्ष	देनदार का नाम	पिता का नाम	ग्राम/ महल्ला	वार्ड/ पंचायत का नाम	थाना
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
प्रखंड	सन्निहित राशि	दायर करने की तिथि	प्रपत्र–7 में नोटिश निर्गत करने की तिथि	डी/ डब्लु निर्गत करने की तिथि	बी0/डब्लु निर्गत करने की तिथि	वसूली की गई राशि।		अवशेष वसूलनीय राशि	
						राशि	तिथि		
11	12	13	14	15	16	17	18	19	

लंबित रहने के कारण

प्रपत्र–7के नोटिश की तामिला अप्राप्त	देनदार की मृत्यु	गलत पता	तलबाना की राशि जमा नहीं	अन्य न्यायालय द्वारा पारित आदेश	अन्य कारण	अभ्युक्ति
20	21	22	23	24	25	26

5. नन–बैंकिंग वादों का ब्यौरा 26 बिन्दु प्रपत्र में तैयार कर भेजने के संबंध में

अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर को यह निदेश दिया गया कि वे नन–बैंकिंग से संबंधित वादों यथा– सैरात, तकाबी, लगान, श्रम अधिनियम इत्यादि के अन्तर्गत दायर वादों को 26 बिन्दु प्रपत्र में तैयार कर इसकी सॉफ्ट कॉपी नहीं भेजी गयी है। अनुमण्डल पदाधिकारी, बाढ से ही यह प्रतिवेदन प्राप्त है। अनुमण्डल पदाधिकारी, दानापुर ने इसकी सूची आंशिक रूप से तैयार कर भेजा है परन्तु अन्य अनुमण्डलों से यह अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। विगत बैठकों से यह निदेश जा रहा है कि इसे एक सप्ताह में तैयार कर इसकी सी0डी0/फलौपी अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी को भेजना सुनिश्चित करें परन्तु इसके अनुपालन नहीं किये जाने को काफी गंभीरता से लेते हुए अनुमण्डल पदाधिकारी, पटना सदर से **स्पष्टीकरण** के बावजूद प्रतिवेदन अप्राप्त है, जो खेदजनक एवं इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई।

(अनुपालन– अनुमण्डल पदाधिकारी, पटना सदर, बाढ़)

6. नीलाम पत्र न्यायालयों का नियमित संचालन करना :

पूर्व की बैठकों में यह निदेश दिया था कि सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी अगली बार से अपने मासिक प्रतिवेदन में सारे ब्योरे के साथ इसका भी उल्लेख करेंगे कि विगत माह में उनके द्वारा कितने दिन न्यायालय का कार्य किया गया तथा कितने केसों पर सुनवाई की गई। यह ब्यौरा पूर्व में 21 बिन्दु प्रपत्र में साप्ताहिक रूप से उपलब्ध कराया जा रहा था अब मुख्य सचिव, बिहार के निदेशानुसार इसे निम्नांकित 22 बिन्दु प्रपत्र में सभी नीलाम पत्र

पदाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी प्रत्येक पक्ष यानि माह की पहली तारीख एवं 15वीं तारीख को प्रतिवेदन निम्न प्रपत्र में भेजेंगे। परन्तु यह प्रतिवेदन अधिकतर नीलाम पत्र पदाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी से अप्राप्त है जिससे स्पष्ट है कि नीलाम पत्र न्यायालय का नियमित संचालन नहीं किया जा रहा है। पुनः निदेश दिया गया कि नीलाम पत्र न्यायालय का नियमित संचालन किया जाय ताकि अधिकाधिक मामलों का निष्पादन हो सके।

Sl. no.	Name of officer	No. of case pending at the begning of the fortnight		No. of cases heard during the fortnight		No. of cases disposed during the fortnight		No. of cases which recovery made during the fortnight		No. of cases pending at end of the fortnight	
		No.	Amount	No.	Amount	No.	Amount	No.	Amount	No.	Amount
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

Oldest pending case		Status of Pending Cases							
No. of the case	Amount	Form 7 not served	Talwana not deposted	Other court's instructions	D.W. Issued	B.W. Issued	Death of Certificate debtor	Report of R.O. Wanting	No. of court days
13	14	15	16	17	18	19	20	21	22

(अनुपालन– सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारी, पटना जिला/ सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, पटना जिला)

7. नीलाम पत्र पदाधिकारीवार/अनुमंडलवार लक्ष्य/उपलब्धि की समीक्षा

जिलाधिकारी ने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों के लंबित वादों की स्थिति तथा उनके द्वारा माह मई में वसूल की गई राशि की विस्तृत समीक्षा की तथा जिन लोगों द्वारा पर्याप्त मात्रा में प्रपत्र–7 का तामिला, डी0डब्लू0/बी0डब्लू0 निर्गत नहीं किए गए हैं उन्हें तुरंत नीलाम पत्र वादों के नियमित सुनवाई कर इसमें अपेक्षित सुधार लाने का निदेश दिया। उन्होंने नीलाम पत्र पदाधिकारियों को खासकर बड़े बकायेदार के विरूद्ध समुचित एवं कठोर कार्रवाई करने का निदेश दिया तथा अपेक्षा की कि अगले माह अपने–अपने न्यायालय में लंबित वादों के निष्पादन की दिशा में कारगर कार्रवाई करेंगे। जिलाधिकारी ने नीलाम–पत्र पदाधिकारियों के कार्यो का मूल्यांकन कर उनके रैकिंग करने का भी निदेश दिया तथा जिन जिला स्तरीय नीलाम–पत्र पदाधिकारियों की प्रगति नगण्य है, उनकी साप्ताहिक समीक्षा प्रत्येक मंगलवार को 05.30 बजे अपराह्न में अपने कार्यालय कक्ष में करने का निदेश दिया।

पटना सदर एवं पटना सिटी अनुमण्डल का वसूली प्रतिशत **अत्यंत ही चिन्ताजनक** है। इन अनुमण्डल पदाधिकारियों द्वारा नीलाम–पत्र वादों के निष्पादन में कोई अभिरूचि नहीं ली जा रही है। तथ्यों के साथ इनलोगों के द्वारा कार्य में बरती जा रही लापरवाही से सरकार को अवगत कराने का निदेश दिया गया। अनुमण्डल पदाधिकारी, पटना सदर को बार–बार त्रुटिपूर्ण प्रतिवेदन की ओर इंगित करने के बावजूद अनुमण्डलवार संकलित प्रतिवेदन विभागवार/पदाधिकारीवार नहीं भेजा जा रहा है, जो अत्यन्त ही खेदजनक है। सभी अनुमण्डल पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे अपने पदाधिकारियों को केस उपस्थापित करने के लिए दवाब दें। आयुक्त महोदय द्वारा अपने निरीक्षण के दौरान नीलाम पत्र वादों के धीमे निष्पादन पर असंतोष व्यक्त किया जा रहा है। नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में जो भी कठिनाइयां आती हैं उन्हें प्रतिवेदित करने का सुझाव दिया गया ताकि इन कठिनाइयों से सरकार को अवगत कराया जा सके। नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में रूचि नहीं लेने वाले पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :– सभी अनुमण्डल पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी नीलाम–पत्र शाखा)

जिला स्तरीय नीलाम–पत्र पदाधिकारीवार माह जून 2007 का प्रगति प्रतिवेदन

क्र0	नीलाम पत्र पदाधिकारी का नाम	1.4.07 को लम्बित	1.4.07 को लम्बित वादो में सन्निहित राशि	2007–08 से प्रतिवेदित माह तक		कुल वाद	सन्निहित राशि	इस माह के पूर्व निष्पादित		इस माह निष्पादित		कुल निष्पादित		कुल लम्बित वाद (7–13)	कुल लंबित राशि (8–14)	लम्बित वादो की स्थिति								
				दायर वाद	सन्निहित राशि			वादो की सं0	सन्निहित राशि	वादो की सं0	सन्निहित राशि	वादो की सं0	सन्निहित राशि			प्रपत्र–7 के तामिला अप्राप्त	देनदार की मृत्यु	गलत पता	तहबाना की राशि जमा नहीं	अन्य न्यायालय द्वारा पारित आदेश	अधियाची पदाधिकारी से प्रतिवेदन अप्राप्त	बी0 कम्पू	बी0 कम्पू	अन्य
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25
1	श्री अवधेश कुमार	250	1655989			250	1655989							250	1655989	12	0	0	0	0	0	25	213	-
2	श्री कौशिक चाण्डेक	15	15802651	-	-	15	15802651							15	15802651	0	0	0	0	0	0	0	0	-
3	मेघ लखर	83	9835891	-	-	83	9835891	2	163147	1	272633	3	435780	80	9400111		3	-	-	-	3	8	-	-
4	श्री अरूण कुमार वर्मा	38	7899444	-	-	38	7899444	-		8	2227095	8	2227095	30	5672349	0	2	-	-	-	2	10	7	-
5	श्री राज किशोर सिन्हा	48	2792461			48	2792461							48	2792461	-	-	-	-	-	-	-	-	-
6	श्री एस0एन0 झा	92	10279186	-	-	92	10279186	2	118575	2	26765	4	145340	88	10133846	2	-	-	-	4	11	68	3	
7	श्री आदित्य कुमार दास	211	6058000			211	605800							211	605800	-	-	-	-	29	100	-	-	
8	श्रीमती अनिमा सिन्हा	250				250								250	0	-	-	-	-	-	-	-	-	-
9	श्री नील कमल	212	31073709	-	-	212	31073709							212	31073709	-	-	-	-	-	-	-	-	-
10	श्री अनिल कुमार	524	24367469	-	-	524	24367469		77909	1	41784	1	119693	523	24247776	402	-	-	-	-	42	81	42	
11	श्री राजेश कुमार	420	10781845	-	-	420	10781845	67	307103	0	50000	67	357103	353	10424742	188	-	-	-	-	42	81	42	-
12	श्री दीपक सिंह	530	13280517	-	-	530	14133855	1	2391638	7	23774	8	2415412	522	11718443	400	-	-	-	-	20	101	1	-
13	श्री संजय कुमार	250	7023192	-	-	250	7023192			3	236581	3	236581	247	6786611	211	-	-	-	-	5	1	-	32
14	श्रीमती अजुला प्रसाद	116	71609391	-	-	116	71609391			0	38000	0	3880	116	71605511	68	5	-	12	1	12	22	1	-
15	श्री रविन्द्र कुमार	108	419404524	-	-	108	419404524	0	148000	0	77000	-	225000	108	419179524	79	-	-	-	2	10	12	5	-
16	श्री महेन्द्र पाल	199	1131899	-	-	199	1131899					-		199	1131899	95	-	-	-	-	104	-	-	-
17	श्री अनील कुमार II	93	59642362	-	-	93	59642362	2	1056580	1	110165	3	1166745	90	58475617	17	-	-	-	-	91	-	-	
18	श्रीमती रीमा कुमारी	368	10847767	-	-	368	10847767				0	-	0	368	10847767	270	-	-	-	-	28	45	25	
19	श्री रजनीश कुमार सिंह	98	5829116	-	-	98	5829116	20	219802	3	126301	23	346103	75	5483013	10	-	-	-	7	1	57	-	-
20	श्री मनोज कुमार चौधरी	153	2380348	-	-	153	2380348	-	-	12	104092	12	104092	141	2276256	102	-	-	-	-	-	24	15	-
21	श्रीमती एकता वर्मा	191	5560697	-	-	191	5560697			-	-		0	191	5560697	-	-	-	-	-	-	-	-	-
22	श्री एस0एम0 परवेज आलम	133	18714123	-	-	133	18714123			7	43830	7	43830	126	18670293	51	11	-	-	-	-	14	-	-
23	श्रीमती सीमा सिन्हा	120	517534527			120	517534527				0		0	120	517534527	6	-	-	-	22	30	59	-	-
	कुल योग	4502	1253505108	0	0	4502	1240906246	94	4482754	45	3370020	139	7826654	4363	1241079592	1913	21	0	12	65	501	808	354	32

विभिन्न अनुमंडलों का माह जून 2007 तक नीलाम पत्र वादों से संबंधित मासिक प्रगति प्रतिवेदन।

अ0	अनुमंडल का नाम	01.04.07 का लंबित वाद	01.04.07 के लंबित वादो मे सन्निहित राशि	प्रतिवेदित माह मे दायर वादो की संख्या	प्रतिवेदित माह मे दायर वादो मे सन्निहित राशि	कुल लंबित वाद	कुल लंबित वादो मे सन्निहित राशि	पूर्व माह मे निष्पादित वाद की संख्या	पूर्व माह मे निष्पादित वादो मे सन्निहित राशि	वर्त्तमान माह मे निष्पादित वादो की संख्या	वर्तमान माह मे निष्पादित वादो मे सन्निहित राशि	कुल निष्पादित वाद	कुल निष्पादित वादो मे सन्निहित राशि	कुल लंबित वाद	कुल लंबित वादो मे सन्निहित राशि	वसूली का प्रतिशत	अनुपस्थिति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
1	पटना सदर	10110	315680593.00			10110	315680593.00	27	2656372.00	12	882942.00	39	3539314	10071	312141279	1.13	कार्य-भार विशेष के कारण प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।
2	पटना सिटी	3605	247645744.00	88	5019823	3693	252665567			13	1210052	13	1210052	3680	25145515	4.81	प्रतिवेदन माह जुलाई का प्राप्त है। अतः मे अनुपस्थ है।
3	दानापुर	9173	191843477.00			9173	191843477.00	36	2113814.00	33	1044757.00	69	3158571	9104	188684906	1.67	प्रतिवेदन मे पूर्व विलंब वर्ष का निष्पादन कर एवं सन्निहित राशि प्रतिवेदित किया गया है। प्रतिवेदन संतोषजनक प्रतित होता है।
4	बक्सर	2848	57685400.00	137	3457103.00	2985	61142502.00	19	986461.00	7	336597.00	26	1323058	2959	59819444	2.21	माह जून के प्रतिवेदन के अभाव मे
5	आरा	2710	52174264.00	38	3588236	2748	55762500.00	10	182667.00	1	80410.00	11	263077	2737	55499423.00	0.47	प्रतिवेदन त्रुटिपूर्ण है।
6	बेगूसराय	9579	194214547.00			9579	194214547	28	1176241.00	20	2566763.00	48	3743004	9531	190471543	1.97	प्रतिवेदन मे पूर्व विलंब वर्ष का निष्पादन नहीं प्रतिवेदित किया गया है जिसके कारण स्पष्ट नहीं है या रहा है कि 01.04 07 का लंबित वाद एवं सन्निहित राशि क्या है।
	कुल	38025	1059244025	263	12065162	38288	1071309186	120	7115555	86	6121521	206	13237076	38082	831762110	1.59	

PERCENTAGE ACHIEVEMENT OF TARGET (FINANCIAL)



RECOVERY IN JUNE.-2007 IN Rs.



जिला स्तरीय नीलाम–पत्र पदाधिकारियों के माह जून की वसूली की समीक्षा के उपरान्त यह निदेश दिया गया कि जिन लोगों के द्वारा इस माह शून्य वसूली की गयी है, उनसे स्पष्टीकरण की मांग की जाय तथा यह पृच्छा की जाय कि क्यों नहीं इस बिन्दु को उनके वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति में अंकित कर दिया जाय। जिन नीलाम–पत्र पदाधिकारियों द्वारा अच्छा उपलब्धि की गयी है, उन्हें प्रशंसा–पत्र देने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :– सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, जिला नीलाम–पत्र शाखा)




(UP TO JUNE.-2007)
पटना सिटी
दानापुर
बाढ़


(UP TO JUNE 2007)
70
60
50
40
30
20
10
0
पटना सदर
पटना सिटी
दानापुर
मसौढी
पालीगंज
बाढ़


RECOVERY IN JUNE.-2007 IN Rs.
बाढ़
2566763.00
पालीगंज
80410.00
मसौढी
336597.00
दानापुर
1044757.00
पटना सिटी
1210052
पटना सदर
882942.00
0.00
500000.00
1000000.00
1500000.00
2000000.00
2500000.00
3000000.00

सभी अधियाची पदाधिकारियों को यह निदेश दिया गया कि वे अगली बैठक से पंजी–**IX** एवं इसमें वसूल की गयी राशि का वादवार ब्यौरा लेकर बैठक में भाग लेंगे, चूंकि ज्यादातर अधियाची विभाग को यह जानकारी ही नहीं है कि उनके विभाग के कितने नीलाम–पत्र वाद, किन–किन न्यायालय में लंबित है। अधियाची विभागों द्वारा नीलाम–पत्र वाद दायर किए जाने की खानापुरी की जा रही है तथा इसके बाद वह निश्चिन्त होकर प्रतिवेदन भेज दे रहे हैं कि इन मामलों में नीलाम–पत्र वाद दायर कर दिया गया है, जबकि इसके निष्पादन के लिए उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

(अनुपालन– सभी अनुमण्डलाधिकारी/सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारी/ प्रभारी पदाधिकारी, जिला नीलाम–पत्र शाखा/सभी अधियाची पदाधिकारी)

10. बड़े बकायेदारों के विरूद्ध कार्रवाई :

सभी जिला स्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारी को यह निदेश दिया गया कि वे पटना शहर के बड़े बकायेदारों के विरूद्ध निर्गत वॉडी वारण्ट को कार्यान्वयन हेतु वारण्ट **जिला नियंत्रण कक्ष** को प्रेषित करें तथा जिला नियंत्रण कक्ष प्रत्येक दिन अधियाची विभाग के साथ कार्यक्रम निर्धारित कर दंडाधिकारी/पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर गिरफ्तार करने हेतु कार्रवाई करेंगे। इसी तरह अनुमण्डल स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर वारण्ट के कार्यान्वयन का निदेश दिया गया तथा इस हेतु अनुमण्डल आरक्षी पदाधिकारी एवं थाना के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित कर इसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। 2.00 लाख या इससे उपर के राशि के ऋणियों की सूची सभी अनुमण्डल पदाधिकारियों को हस्तगत करायी गयी तथा जिला स्तरीय नीलाम–पत्र पदाधिकारियों को भी इन बड़े बकायेदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। पूरे जिला में जिला स्तरीय नीलाम–पत्र वादों में कुल 124 बकायेदार 2.00 लाख से उपर की राशि के हैं जबकि अनुमण्डल स्तरीय नीलाम–पत्र वादों में इनकी संख्या 265 है। पूरे पटना जिला में 389 बड़े बकायेदार है, जिनकी सूची तैयार कर सभी संबंधित को दी गयी है, पर ध्यान केन्द्रित कर राशि की वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया, चूंकि 70 प्रतिशत सरकारी राशि इन लोगों के जिम्मे ही बकाया है। यह भी निदेश दिया गया कि अगली बैठक से मात्र इन वादों के निष्पादन की वादवार समीक्षा की जाएगी तथा इसका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित कराया जाय एवं इन केसों का व्यक्तिगत अनुश्रवण किया जाय।

(अनुपालन– सभी अनुमण्डलाधिकारी/सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारी/ प्रभारी पदाधिकारी, जिला नीलाम–पत्र शाखा)

11. पंजी– IX एवं X का मिलान :

जिलाधिकारी द्वारा पंजी –IX एवं X के मिलान के सम्बन्ध में सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा यह निदेश दिया कि अधियाची पदाधिकारियों के साथ बैठक बुलाई जाय एवं 26 बिन्दु प्रपत्र पर बनाए गए विवरण शाखावार/विभागवार तैयार कर इसकी दो प्रति नीलाम पत्र पदाधिकारी अधियाची विभाग/बैंक को हस्तगत करेंगे तथा पुनः अगले सप्ताह एक बैठक बुलाकर उसका एक सत्यापित प्रति जिसमें मिलान कर अद्यतन वसूली अंकित किया गया हो, उसे विभाग ले लेंगे ताकि रिकन्सीलिएशन हो सके। अधियाची पदाधिकारी के साथ आहूत की गयी **बैठक की कार्यवाही अनिवार्य रूप से तैयार की जाय** एवं इसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी भेजी जाय।

यह अत्यन्त ही गम्भीर स्थिति है तथा जिलाधिकारी ने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को अपने–अपने अधियाची विभाग की बैठक बुलाकर प्रपत्र IX एवं X का मिलान कराकर विहित प्रपत्र में राशि जमा करने सम्बन्धी प्रमाण पत्र लेने का निदेश दिया। यह प्रपत्र सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को पूर्व में ही प्रेषित किया जा चुका है।

(अनुपालन– सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारी, पटना जिला)

12. थानावार वारण्टों की सूची तैयार करने के संबंध में :–

जिलाधिकारी द्वारा सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी को अपने–अपने न्यायालय में लंबित वादों को थानावार वर्गीकृत करते हुए एक पंजी संधारित करने का निदेश दिया तथा इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किए जाने का भी निदेश के साथ–साथ **इसकी प्रति जिला को भेजने का निदेश दिया था** परन्तु मसौढ़ी, बाढ़, पालीगंज अनुमण्डल एवं कुछ पदाधिकारियों को छोड़ अन्य जगहों से प्राप्त नहीं हो सका है। प्राप्त सूची के अनुसार जिला स्तर पर कुल 678 वारण्ट 44 थानों में निम्नांकित रूप से निर्गत किए गए हैं।

क्रमांक	थाना	वारंन्टो की संख्या	क्रमांक	थाना	वारंन्टो की संख्या	क्रमांक	थाना	वारंन्टो की संख्या
1	कदमकुआँ	22	16	गर्दनीबाग	3	31	दीदारगंज	4
2	कंकड़बाग	11	17	आलमगंज	9	32	फतुहाँ	7
3	अगमकुआँ	3	18	मालसलामी	13	33	सचिवालय	1
4	घोषवरी	1	19	सिगोरी	1	34	खगौल	4
5	खुशरूपुर	4	20	पीरबहोर	13	35	श्रीकृष्णापुरी	1
6	बाढ़	83	21	नौबतपरु	7	36	मोकामा	93
7	गाँधी मैदान	14	22	जक्कनपुर	3	37	पालीगंज	5
8	कोतवाली	17	23	मनेर	10	38	कृष्णापुरी	1
9	शास्त्रीनगर	4	24	चौक	16	39	बख्तियारपुर	92
10	पुनपुन	1	25	मसौढ़ी	22	40	पंडारक	36
11	विक्रम	46	26	धनरूआ	28	41	अथमलगोला	18
12	दिघा	4	27	पाटलिपुत्रा	6	42	बेलछी	6
13	हाथीदाह	6	28	सुल्तानगंज	6	43	फुलवारीशरीफ	3
14	बिहटा	14	29	खाजेकलाँ	6	44	दुल्हिनबाजार	15
15	दानापुर	18	30	गौरीचक	1	कुलः–	678	

उपरोक्त थाना प्रभारियों को वारण्टों के शीघ्र कार्यान्वयन हेतु निदेश देने के लिए वरीय आरक्षी अधीक्षक, पटना को पत्र निर्गत करने का निदेश जिला नीलाम–पत्र पदाधिकारी को दिया गया।

सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पदाधिकारी से यह अपेक्षा की गयी कि अब जब सारे अभिलेखों पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है तथा केसों को जिन्दा कर दिया गया है, डी0डब्लू/बी0डब्लू0 निर्गत करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है, सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी बड़े बकायेदारों के मामलों का व्यक्तिगत अनुश्रवण कर खुद कुछ मामलों में कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ताकि बड़े बकायेदार से राशि की वसूली हो सके तथा लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। इसके साथ ही जिन मामलों में वसूली कह गयी है अथवा वाद समाप्त किया गया है, उसकी सूचना भी पाक्षिक प्रतिवेदन के साथ संलग्न कर भेजें ताकि बेवसाईट में उसे अपडेट किया जा सके। मार्च माह की वसूली को असंतोषजनक बताते हुए चिन्ता जाहिर की गयी तथा अपेक्षा की गयी कि अगले माह से इसमें पुनः अपेक्षित वृद्धि आएगी तथा सभी पदाधिकारी पूरे मनोयोग के साथ इसके निष्पादन हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जिला नीलाम–पत्र पदाधिकारी को यह निदेश दिया गया कि वे अगली बैठक से अधियाची विभागों के साथ–साथ सभी बैंकों के कॉडिनेटर को भी इस बैठक में भाग लेने हेतु आमंत्रित करेंगे ताकि सभी के बीच अधोहस्ताक्षरी के स्तर से समन्वय स्थापित किया जा सके एवं ऐसे मामले जिनमें अधियाची विभागों के प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण मामले लंबित है, उसका निष्पादन शीघ्र कराया जा सके।

13. आवश्यक निदेश :–

1. बैठक की कार्यवाही में दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।
2. पदाधिकारियों का कण्डिकावार संचिका खोलने का निदेश दिया गया।

3. प्रत्येक नीलाम पत्र वाद के निष्पादन के सम्बन्ध में अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। जब तक अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जायगा, उस पर विश्वास नहीं किया जायगा।
4. बड़े बकायेदारों के विरूद्ध जो भी कार्रवाई की गयी है उसे अवलोकनार्थ उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।
5. प्रत्येक 15 दिन पर नीलाम पत्र वादों के समीक्षोपरान्त आयुक्त, पटना प्रमण्डल द्वारा दर्ज की गयी टिप्पणी का अध्ययन कर समुचित कार्रवाई करने का निदेश सभी पदाधिकारियों को दिया गया।
6. कोई नीलाम पत्र वाद किस कारण से लम्बित है उसके कारणों का विश्लेषण करने का निदेश दिया गया।
7. पंजी IX एवं X का मिलान करने का निदेश दिया गया।
8. नीलाम पत्र वादों की सूचना तथा निर्गत **D/W** एवं **B/W का ब्यौराथानावार** समर्पित करने का निदेश दिया गया।
9. नीलाम पत्र वादों का review प्रत्येक मंगलवार को अपराह्न 5.00 बजे किये जाने का निर्णय लिया गया, जिन पदाधिकारियो की प्रगति अच्छी नहीं है।
10. नीलाम पत्र वादों के सम्बन्ध में प्रतिवेदन नहीं भेजने के कारण और वादों के निष्पादन में रूचि नहीं लेने के कारण सम्बन्धित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश दिया गया।
11. नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में रूचि लेने और अधिक–से–अधिक वादों के निष्पादन हेतु कड़ी मेहनत करने का सुझाव दिया गया।
12. नीलाम पत्र वादों के निष्पादन हेतु Certificate Manual का अध्ययन करने का सुझाव दिया गया ताकि अगलीवार परीक्षा आयोजित हो सके।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(डॉ0 बी0 राजेन्दर)
जिलाधिकारी, पटना।

ज्ञापांक...../ , पटना, दिनांक

प्रतिलिपि – वरीय आरक्षी अधीक्षक, पटना/सभी अपर जिला दण्डाधिकारी, पटना जिला/सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पटना जिला/प्रभारी दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना एवं सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी, पटना जिला/सभी अधियाची पदाधिकारी, पटना जिला/सभी बैंक कॉडिनेटर, पटना जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, पटना को वेवसाईट में सुधार करने एवं अपलोड करने हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी, पटना।

ज्ञापांक15-8(10)/07-818/नी0, पटना, दिनांक 23/8/07

प्रतिलिपि – आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि – आयुक्त एवं सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि – सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि – मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिलाधिकारी, पटना।

दिनांक 31.08.2007 को नीलाम पत्र वादों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला–स्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारियों के साथ आहूत बैठक की कार्यवाही

1. उपस्थित

1. डॉ0 बी0 राजेन्दर,भा0प्र0से0,समाहर्त्ता,पटना
2. श्री अवधेश कुमार, अपर जिला दण्डाधिकारी,विधि–व्यवस्था,पटना
3. श्री के0 पी0 पाण्डेय, अपर जिला दण्डाधिकारी, पटना।
4. श्री मो0 सउद, अपर जिला दण्डा0 नक्सल, पटना।
5. श्री अरूण कुमार वर्मा, अपर जिला दण्डा0, आपूर्ति, पटना।
6. श्री राज किशोर सिन्हा,विशिष्ट पदाधिकारी,अनुभाजन,पटना।
7. श्री सत्यनारायण झा, जिला पंचायतराज पदा0 पटना।
8. श्री आदित्य कुमार दास, निदेशक, लेखा,डी0आर0डी0ए0 पटना।
9. श्रीमती पलका साहनी,अनुमण्डल पदाधिकारी,बाढ।
10. श्री संजय कुमार, नीलाम–पत्र पदाधिकारी, पटना।
11. श्री सुनील कुमार,अनुमण्डल पदाधिकारी,दानापुर।
12. श्री राज किशोर प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी,पालीगंज।
13. श्री रावी रंजन, अनुमण्डल पदाधिकारी,पटना सदर।
14. श्री प्रभात कुमार सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी,मसौढ़ी।
15. श्री अजय कुमार सिन्हा,अनुमण्डल पदाधिकारी, पटना सिटी।
16. श्रीमती अनिमा सिन्हा,जिला भू अर्जन पदा0,पटना।
17. श्री अनिल कुमार–1, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पटना।
18. श्री दीपक सिंह, नीलाम पत्र पदाधिकारी, पटना।
19. श्रीमती सीमा कुमारी, नीलाम पत्र पदाधिकारी, पटना।
20. श्री रजनीश कुमार सिंह, नीलाम पत्र पदाधिकारी,पटना।
21. श्री मनोज कुमार चौधरी, नीलाम पत्र पदाधिकारी, पटना।
22. श्री एस0एम0परवेज आलम, नीलाम पत्र पदाधिकारी,पटना।
23. श्रीमती सीमा सिन्हा, नीलाम पत्र पदाधिकारी,पटना।
24. श्री नील कमल, जिला परिवहन पदा0–सह–नीलाम पत्र पदाधिकारी,पटना।
25. श्री अनिल कुमार–2,प्रभारी पदा0,जिला नीलाम पत्र शाखा।
26. डॉ0 महेन्द्र पाल, नजारत उप समाहर्त्ता,पटना।
27. वाणिज्य कर पदाधिकारी,पाटलिपुत्रा अंचल,पटना।
28. वाणिज्य कर पदाधिकारी,पटना दक्षिणी अंचल,पटना।
29. वाणिज्य कर पदाधिकारी,पटना पश्चिमी अंचल,पटना।
30. वाणिज्य कर पदाधिकारी,पटनासिटी पूर्वी अंचल,पटना।
31. वाणिज्य कर पदाधिकारी,पटनासिटी पश्चिमी अंचल,पटना।
32. सहायक आयुक्त उत्पाद,पटना।
33. श्री अरशद अजीज,उप अनुभाजन पदाधिकारी,पटना।
34. श्री देवकी नंदन चौधरी,जिला समन्वयक,भारतीय स्टेट बैंक,आ0का0,पटना।
35. श्री अनिल कुमार दुबे, समन्वयक,भारतीय स्टेट बैंक,,पटना।
35. श्री देवेन्द्र कुमार सिंह,जिला जन संपर्क पदाधिकारी,पटना।

अनुपस्थित

1. श्री राजेश कुमार,अपर भू अर्जन पदाधिकारी,पटना।
2. श्री रबिन्द्र कुमार, नीलाम पत्र पदाधिकारी,,पटना।
3. श्रीमती अंजुला प्रसाद,नीलाम पत्र पदाधिकारी,पटना अवकाश में।

2. पूर्व बैठक की कार्यवाही का तामिला

सर्वप्रथम बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी से यह पृच्छा की गई कि पूर्व की बैठक की कार्यवाही सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को तामिला कराया गया है अथवा नहीं। सभी लोगों ने कार्यवाही प्रतिवेदन प्राप्त होने की सूचना दी। जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा यह सूचना दी गई कि उनके द्वारा तामिला का अनुश्रवण किया गया है तथा सभी पदाधिकारियों को यह शत–प्रतिशत कार्यालय में भेजा जा चुका है। सभी पदाधिकारियों से यह पृच्छा की गयी तो उन्होंने कार्यवाही प्राप्त होने की बात कही।

3. पूर्व बैठक की कार्यवाही का अनुपालन

सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों/अनुमंडल पदाधिकारियों से यह पृच्छा की गई कि क्या उनके द्वारा पूर्व में प्रेषित कार्यवाही का अध्ययन किया गया है अथवा नहीं? पूर्व में यह निदेश दिया गया था कि बैठक में आने पूर्व कार्यवाही प्रतिवेदन की कंडिकावार समीक्षा कर अनुपालन प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से 5 दिन पूर्व जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को भेजें ताकि इसे संकलित कर बैठक में समीक्षा हेतु रखा जा सके। अगली बार सभी पदाधिकारियों को शत–प्रतिशत कंडिकावार अनुपालन प्रतिवेदन भेजने

का निदेश दिया गया तथा यह **बैठक के दिन हस्तगत नहीं कराने** का निदेश पूर्व में भी दिया गया था इसके बावजूद बैठक के दिन या इससे एक दिन पूर्व इसे हस्त... कराने की परम्परा जारी है एवं भविष्य में ऐसे अनुपालन को अप्राप्त सूची में रखने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही जिला नीलाम–पत्र पदाधिकारी को यह भी निदेश दिया गया कि वे अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने वालों को पावती निर्गत करें तथा संबंधित पदाधिकारी पावती के साथ बैठक में उपस्थित हों। इसके साथ ही जिला नीलाम–पत्र पदाधिकारी को आदेश दिया कि जिन लोगों के यहां से अनुपालन प्राप्त/अप्राप्त है, उनकी सूची एवं गुणवत्ता को देखते हुए इसे कार्यवाही प्रतिवेदन में शामिल करें। अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षावार स्थिति निम्न है :–

क0	नीलाम–पत्र पदाधिकारी का नाम	जून 2007 की बैठक के कार्यवाही का अनुपालन	जुलाई 2007 में किए गए न्यायालय दिवसों की संख्या	पंजी IX एवं X का मिलान	थानावार वारण्टों की सूची का प्रेषण	अधियाची पदाधिकारी के साथ विगत माह की गयी बैठक	निर्गत सूचनाओं के तामिला का अनुश्रवण	2.00 लाख से उपर के बकायेदारों की सूची एवं उानके विरूद्ध की गयी कार्रवाई का ब्यौरा
01	02	03	04	05	06	07	08	09
1.	श्री मो0 सउद	प्राप्त	04	नहीं	प्राप्त	नहीं	किया गया	प्राप्त
2.	श्री अवधेश कुमार	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
3.	श्री अरूण कुमार वर्मा	अप्राप्त	अप्राप्त	नहीं	प्राप्त	नहीं	नहीं	प्राप्त
4.	श्री के0 पी0 पाण्डेय	प्राप्त	02	नहीं किया गया	तैयार किया जा रहा है	नहीं	किया गया	तैयार किया जा रहा है
5.	श्री सत्यनारायण झा	प्राप्त	06	नहीं	प्राप्त	नहीं किया गया	किया गया	प्राप्त
6.	श्रीमती कुमारी सीमा	प्राप्त	04	नहीं	प्राप्त	नहीं	किया गया	2.00 लाख से उपर के कोई बकायेदार नहीं है।
7.	श्री आदित्य कुमार दास	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
8.	श्री राज किशोर सिन्हा	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
9.	श्री दीपक सिंह	प्राप्त	04	नहीं	प्राप्त	किया गया	किया गया	2.00 लाख से उपर के कोई बकायेदार नहीं है।
10.	श्री अनिल कुमार–1	प्राप्त	05	नहीं	प्राप्त	किया गया	किया गया	प्राप्त
11.	श्री संजय कुमार	प्राप्त	07	बाढ़ राहत कार्य में अधियाची पदाधिकारी के व्यस्त रहने के कारण मिलान नहीं किया गया।	प्राप्त	नहीं	किया गया	2.00 लाख से उपर के कोई बकायेदार नहीं है।

12.	श्री राजेश कुमार	प्राप्त	04	अप्राप्त	प्राप्त	नहीं	किया गया	2.00 लाख से ऊपर के कोई बकायेदार नहीं है।
13.	डॉ0 महेन्द्र पाल	प्राप्त	नियमित संचालन	संबंधित नहीं	अप्राप्त	संबंधित नहीं	किया गया	प्राप्त
14.	श्री नील कमल	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
15.	श्री रजनीश कुमार सिंह	प्राप्त	06	संबंधित नहीं	प्राप्त	संबंधित नहीं	किया गया	2.00 लाख से ऊपर के कोई बकायेदार नहीं है।
16.	श्री मनोज कुमार चौधरी	प्राप्त	04	नहीं	प्राप्त	नहीं	किया गया	तथैव
17.	श्रीमती एकता वर्मा	स्थानान्तरित						
18.	श्री एस0एम0 परवेज आलम	प्राप्त	04	नहीं	प्राप्त	नहीं	किया गया	प्राप्त
19.	श्रीमती अंजुला प्रसाद	अप्राप्त	08	नहीं	प्राप्त	नहीं	नहीं	प्राप्त
20.	श्रीमती सीमा सिन्हा	प्राप्त	नियमित संचालन	नहीं	प्राप्त	नहीं	किया गया	प्राप्त
21.	श्री अनिल कुमार–2	प्राप्त	08	नहीं	प्राप्त	नहीं	किया गया	प्राप्त
22.	श्री रबीन्द्र कुमार	प्राप्त	04	किया गया	प्राप्त	हां	किया गया	प्राप्त
23.	अनुमण्डल पदाधिकारी, बाढ़	प्राप्त	प्राप्त	किया गया	प्राप्त	किया गया	विहित प्रपत्र में प्राप्त	प्राप्त
24.	अनुमण्डल पदा0 दानापुर	प्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त	प्राप्त
25.	अनुमण्डल पदा0 मसौढ़ी	प्राप्त	नियमित संचालन	नहीं	प्राप्त	अप्राप्त	किया गया	प्राप्त
26.	अनुमण्डल पदा0 पालीगंज	अप्राप्त	नियमित संचालन	अप्राप्त	प्राप्त	प्राप्त	अप्राप्त	प्राप्त
27.	अनुमण्डल पदा0 पटना सिटी	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
28.	अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर	प्राप्त	नियमित संचालन	अप्राप्त	प्राप्त	किया गया	किया गया	प्राप्त
29.	श्रीमती अनिमा सिन्हा	प्राप्त	04	नहीं	अप्राप्त	नहीं	किया गया	अप्राप्त

प्रतिवेदन भेजने के बावजूद समीक्षा टिप्पणी में नहीं अंकित किया जाना लापरवाही का द्योतक है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित सहायक से स्पष्टीकरण पूछने तथा अनुशासनिक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

प्रतिवेदन भेजते समय प्रतिवेदन पर पदाधिकारी देखकर ही हस्ताक्षर करेंगे। गलत प्रतिवेदन देने के लिए पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

वाणिज्य कर पदाधिकारी,पटनासिटी पूर्वी अंचल,पटना द्वारा बताया गया कि वाणिज्यकर पटनासिटी पूर्वी अंचल का कोई नीलाम पत्र पदाधिकारी नहीं है।

सभी पदाधिकारियों को यह स्पष्ट किया गया कि जिन लोगों के द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है उनकी वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति में उसी प्रकार का अभिलेखन अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जाएगा एवं जिन लोगों के द्वारा कार्यों के प्रति रूचि नहीं ली जा रही है, उनके वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति में इस बात को दर्ज करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन सरकार को भेजा जाएगा।

(अनुपालन– सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी/सभी अनुमंडल पदाधिकारी)

4. नीलाम पत्र वादों का कम्प्यूटरीकृजेशन

जिलाधिकारी द्वारा यह सूचना दी गयी कि इस जिले के सभी नीलाम–पत्र वादों के ब्यौरे को वेवसाईट पर जारी कर दिया गया है। इसका वेवसाईट **http\\.patna.bih.nic.in** है। यह अत्यन्त ही प्रसन्नता की बात है कि पिछले कई महीनों से इस दिशा में किए जा रहे प्रयास अन्ततः सफल हुआ है तथा नीलाम–पत्र न्यायालयों में चल रहे वादों के संबंध में कोई भी व्यक्ति कहीं से भी जानकारी प्राप्त कर सकेगा। इसके **Usable Form** में सुधार की आवश्यकता है, चूंकि केस सख्या देने पर ब्यौरा प्राप्त होता है, परन्तु अन्य ऑप्शन देने पर इसका ब्यौरा प्राप्त नहीं होता है। इस संबंध में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी एवं राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी को साइट को सुधारने हेतु पत्र निर्गत किया गया है। जिला नीलाम–पत्र पदाधिकारी को पुनः स्मारित कर इसे सुधार कराने की कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। अगली बैठक से जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को भी इस बैठक में उपस्थित रहने का निदेश दिया गया।

इस डाटा को हमेशा अपडेट किए जाने की जरूरत है, इसके लिए सभी नीलाम–पत्र पदाधिकारियों एवं अनुमण्डल पदाधिकारियों को यह निदेश दिया गया कि वे वैसे **सभी वादों जिसके संबंध में निष्पादन अथवा वसूली की सूचना दी जा रही है, को 26 बिन्दु प्रपत्र में अंकित करते हुए प्रतिवेदन के साथ अनिवार्य रूप से भेजें** ताकि बेवसाईट में वादों की अद्यतन स्थिति को अंकित करते हुए अपडेट किया जा सके अर्थात् जब भी वादों के निष्पादन/राशि की वसूली की सूचना जिला को दी जाती है तो इसके साथ उन वादों का पूर्ण ब्यौरा अवश्य संलग्न किया जाय।

(अनुपालन– सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर/सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी, पटना जिला/ प्रभारी पदाधिकारी, जिला नीलाम–पत्र शाखा/सभी पेशकार)

26 बिन्दु प्रपत्र

नीलाम–पत्र न्यायालय का नाम

क्रमांक	अधियाची विभाग का नाम	अधियाची विभाग का मुख्यालय	वाद संख्या	वर्ष	देनदार का नाम	पिता का नाम	ग्राम/ महल्ला	वार्ड/ पंचायत का नाम	थाना
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
प्रखंड	सन्निहित राशि	दायर करने की तिथि	प्रपत्र–7 में नोटिश निर्गत करने की तिथि	डी/ डब्लु निर्गत करने की तिथि	बी0/डब्लु निर्गत करने की तिथि	वसूली की गई राशि।		अवशेष वसूलनीय राशि	
						राशि	तिथि		
11	12	13	14	15	16	17	18	19	

लंबित रहने के कारण						
प्रपत्र–7के नोटिश का तामिला अप्राप्त	देनदार की मृत्यु	गलत पता	तलवाना की राशि जमा नहीं	अन्य न्यायालय द्वारा पारित आदेश	अन्य कारण	अभ्युक्ति
20	21	22	23	24	25	26

5. नन–बैंकिंग वादों का ब्यौरा 26 बिन्दु प्रपत्र में तैयार कर भेजने के संबंध में

अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर को यह निदेश दिया गया कि वे नन–बैंकिंग से संबंधित वादों यथा– सैरात, तकाबी, लगान, श्रम अधिनियम इत्यादि के अन्तर्गत दायर वादों को 26 बिन्दु प्रपत्र में तैयार कर इसकी सॉफ्ट कॉपी भेजें। अनुमण्डल पदाधिकारी, बाढ़ ने ही तत्संबंधी प्रतिवेदन एवं इसकी सी0डी0 हस्तगत करायी है। अनुमण्डल पदाधिकारी, दानापुर ने इसकी सूची आंशिक रूप से तैयार कर भेजा है परन्तु अन्य अनुमण्डलों से यह अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। विगत दो बैठकों से यह निदेश जा रहा है कि इसे एक सप्ताह में तैयार कर इसकी सी0डी0/फलौपी अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी को भेजना सुनिश्चित करें।

(अनुपालन– सभी अनुमण्डल पदाधिकारी)

6. नीलाम पत्र न्यायालयों का नियमित संचालन करना :

